# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–26 अक्टूबर 2024 सान्ध्य समाचार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के एक ऐलान से गोरखपुर में रोइंग स्पोर्ट्स सेंटर बनने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि रामगढ़ताल के समीप विश्व स्तरीय रोइंग स्पोर्ट्स सेंटर बनाने के लिए सरकार रोइंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (आरएफआई) को वाटर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में जगह उपलब्ध कराएगी। रामगढ़ताल में आयोजित 25वीं सब जूनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप के समापन समारोह में आज खिलाड़ियों और उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश सरकार ने खेल नीति बनाकर ओलंपिक, एशियन गेम्स और कॉमनवेल्थ गेम्स जैसी प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वाले यूपी के खिलाड़ियों को शासकीय सेवाओं में सीधी नौकरी देने का शासनादेश जारी कर रखा है। अब तक 500 से अधिक खिलाड़ियों को शासकीय सेवाओं से जोड़ा गया है। सब जूनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप में बालक और बालिका वर्ग में प्रदर्शन के आधार पर ओवरऑल चौंपियन बनने की ट्रॉफी महाराष्ट्र ने जीती। बालक वर्ग की चैंपियनशिप महाराष्ट्र की टीम ने तथा बालिका वर्ग की चौंपियनशिप पंजाब की टीम ने जीती।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में 300 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी लोगों की समस्याओं का समाधान तत्परता से किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता की समस्याओं के समाधान में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने मिलने आए लोगों को आश्वस्त किया कि किसी को भी चिंता करने या परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। हर समस्या का वह प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित कराएंगे। जनता दर्शन में कई लोग इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों से कहा कि जल्द से जल्द अस्पताल के इस्टीमेट की प्रक्रिया पूर्ण कराकर शासन को उपलब्ध करा दें। इलाज के लिए मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से पर्याप्त मदद की जाएगी।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से **मन की बात** कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 115वीं कड़ी होगी। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर होगा। मन की बात आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर ऐप पर भी उपलब्ध रहेगा। दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण किया जाएगा। हिन्दी प्रसारण के तुरंत बाद क्षेत्रीय भाषाओं में इसे प्रसारित किया जाएगा।

**********

उपभोक्ता कार्य, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने उन निर्माताओं और खुदरा विक्रेताओं के खिलाफ राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू करने का आदेश दिया है, जो दोपहिया सवारों के लिए गैर–अनुपालन वाले हेलमेट बेचते हैं। इस संबंध में सभी जिला मजिस्ट्रेट को निर्देश दिये गए हैं।

**********

प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को दीपावली पर मुफ्त एलपीजी सिलिण्डर प्रदान कर रही है। इसका लाभ सिर्फ उन लाभार्थियों को ही मिलेगा जिनका आधार बैंक खाते से लिंक और प्रमाणित होगा। प्रदेश में एक करोड़ छियासी लाख उज्ज्वला लाभार्थी हैं, जिनमें से एक करोड़ आठ लाख लोगों का आधार प्रमाणित है।

**********

दीपावली और छठ पूजा को लेकर रेलवे ने गोरखपुर से राजकोट दिल्ली और यशवंतपुर के बीच स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया है। पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जन सम्पर्क अधिकारी ने बताया कि राजकोट से गोरखपुर के बीच स्पेशल साप्ताहिक ट्रेन तीस अक्टूबर से चलाई जायेगी। गोरखपुर और दिल्ली के बीच स्पेशल साप्ताहिक ट्रेन का संचलन सत्ताइस अक्टूबर से किया जायेगा जबकि छपरा से यशवंतपुर के बीच स्पेशल ट्रेन दो और नौ नवम्बर को चलायी जायेगी।

**********

दीपावली पर्व पर प्रमुख बाजारों में उमड़ रही भीड़ को देखते हुए गोरखपुर में पुलिस प्रशासन ने पैंतालीस स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस पिकेट लगाने का निर्णय लिया है। गोरखपुर के पुलिस अधीक्षक नगर ने बताया कि कल से पुलिस पिकेट लगनी शुरू हो जायेगी। यह व्यवस्था छठ पूजा तक बनी रहेगी।

**********

पीलीभीत टाइगर रिजर्व की दियोरिया, माला और महोफ वन रेंजों में बाघों की गणना का कार्य शुरू हो गया है। प्रभागीय वनाधिकारी मनीष सिंह ने बताया कि बाघों की गणना के लिये चार सौ दो स्वचालित कैमरे लगाये गये हैं। गणना के दौरान जंगल में प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया गया है।

**********

इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति और महराजगंज जिले के प्रशासनिक न्यायमूर्ति श्री प्रकाश सिंह ने आज महराजगंज जनपद न्यायालय और दीवानी न्यायालय फरेंदा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने फरेंदा दीवानी न्यायालय में दो वर्षों से रिक्त एक कोर्ट में पीठासीन अधिकारी की नई तैनाती होने की जानकारी दी।

**********